दिन– शनिवार                                                                                    दिनांक– 27 / 04 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।                                                                अवधिः– 15 मिनट

---

01. लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में बिहार के पांच संसदीय क्षेत्रों– किशनगंज, कटिहार, पूर्णियां, भागलपुर और बांका में उनसठ दशमलव पांच दो प्रतिशत मतदान।

02. कटिहार में सबसे अधिक चौंसठ दशमलव छह प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। भागलपुर में सबसे कम बावन प्रतिशत मतदान।

03. लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण के तहत सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, सारण और हाजीपुर में नामांकन की प्रक्रिया शुरू। कल नौ उम्मीदवारों ने दाखिल किये पर्चे।

04. और, प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी। मौसम विभाग ने आज रोहतास, पटना, नालंदा, बेगूसराय, दरभंगा और अररिया समेत अठारह जिलों में लू की चेतावनी जारी की।

———————————————————————————

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में बिहार के पांच संसदीय क्षेत्रों– किशनगंज, कटिहार, पूर्णियां, भागलपुर और बांका में उनसठ दशमलव पांच दो प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। यह पिछले लोकसभा चुनाव की तुलना में तीन दशमलव चार प्रतिशत कम है। वर्ष दो हजार उन्नीस के लोकसभा चुनाव में इन क्षेत्रों में बासठ दशमलव नौ दो प्रतिशत मतदान हुआ था। निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार सबसे अधिक कटिहार में चौंसठ दशमलव छह प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं, किशनगंज में चौंसठ, पूर्णियां में तिरेसठ, बांका में चौवन और भागलपुर में बावन प्रतिशत मतदान हुआ है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एच. आर. श्रीनिवास ने बताया कि किशनगंज, बांका और भागलपुर संसदीय क्षेत्रों के ग्यारह मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं ने विभिन्न कारणों से मतदान का बहिष्कार किया। उन्होंने कहा कि इन मतदान केन्द्रों पर दोबारा मतदान नहीं होगा।

———बाईट———

———————————————————————————

निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कल मतदान के दौरान विभिन्न स्थानों से बहत्तर हजार सात सौ सैंतालीस लीटर शराब जब्त की गयी। बरामद शराब

का बाजार मूल्य दो करोड़ बासठ लाख रूपये है। वहीं, उड़नदस्तों की टीम ने जांच के दौरान अंठानवे लाख रूपये से अधिक नकद भी जब्त किया।

———————————————————————————

दूसरे चरण के लोकसभा चुनाव के तहत पांच संसदीय क्षेत्रों में तीन महिला उम्मीदवारों समेत कुल पचास प्रत्याशियों की चुनावी किस्मत ईवीएम में सील हो गयी। इस चरण में जिन उम्मीदवारों के राजनीतिक भाग्य का फैसला होना है, उनमें कांग्रेस के मोहम्मद जावेद, तारिक अनवर तथा अजीत शर्मा शामिल हैं। वहीं, जदयू के मुजाहिद आलम, दुलाल चंद गोस्वामी, गिरिधारी यादव, संतोष कुशवाहा और अजय मंडल के भाग्य का फैसला भी इसी चरण में होना हैं। इनके अलावा राजद की बीमा भारती और जयप्रकाश यादव तथा एआईएमआईएम के अख्तरूल ईमान और निर्दलीय पप्पू यादव की प्रतिष्ठा दांव पर है। मतों की गिनती चार जून को होगी।

———————————————————————————

राज्य में दूसरे चरण के तहत किशगगंज, कटिहार, पूर्णियां, भागलपुर और बांका संसदीय क्षेत्रों में सभी दलों ने अपनी–अपनी जीत के दावे किये हैं। जदयू के वरिष्ठ नेता संजय कुमार झा ने कहा कि सभी सीटों पर एनडीए के उम्मीदवार जीत रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोग विकास के नाम पर मतदान कर रहे हैं। इधर, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भी सभी पांच सीटों पर एनडीए उम्मीदवारों की जीत का दावा किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा और एनडीए को अपार जनसमर्थन मिल रहा है। इधर, राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने इन सभी सीटों पर इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों की जीत का दावा किया है।

———————————————————————————

लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण के तहत सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, सारण और हाजीपुर में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। कल इन लोकसभा क्षेत्रों से कुल नौ उम्मीदवारों ने अपने पर्चे दाखिल किये। सीतामढ़ी से जदयू के देवेश चन्द्र ठाकुर और दो निर्दलीय प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र भरा। वहीं, मुजफ्फरपुर से भाजपा के राज भूषण निषाद ने पर्चा दाखिल किया। उम्मीदवार तीन मई तक नामांकन कर सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच चार मई को होगी। वहीं, नाम वापस लेने की अंतिम तिथि छह मई है। इस चरण के तहत बीस मई को मतदान होना है।

———————————————————————————

इधर, दरभंगा, उजियारपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय और मुंगेर संसदीय क्षेत्रों में होने वाले चौथे चरण के चुनाव के लिए नामांकन पत्रों की जांच पूरी हो गयी है। इन

संसदीय क्षेत्रों में चौरासी उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया है। उम्मीदवार उनतीस अप्रैल तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। इस चरण का मतदान तेरह मई को होगा।

———————————————————————————

और अब सुनते है राज्य के संसदीय निर्वाचन–क्षेत्रों के राजनीतिक परिदृश्य पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष श्रृंखला। आज बात दरभंगा लोकसभा सीट की। दरभंगा बिहार के उन पांच संसदीय निर्वाचन–क्षेत्रों में से एक है, जहां चौथे चरण में तेरह मई को मतदान होना है। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

दरभंगा लोकसभा क्षेत्र अपने समृद्ध अतीत और सांस्कृतिक तथा शाब्दिक परंपराओं के लिए जाना जाता है। दरभंगा को मिथिला की हृदय स्थली के रूप में भी जाना जाता है। बीते दौर में इस लोकसभा क्षेत्र ने कई बदलाव देखे हैं। कभी कांग्रेस की राजनीति का गढ़ रहा दरभंगा संसदीय क्षेत्र बदलते वक्त के साथ समाजवादी राजनीति की प्रयोगशाला भी बना, तो कभी दक्षिणपंथी राजनीति की कर्मभूमि बन गया। वर्ष दो हजार उन्नीस में हुए लोकसभा चुनाव में इस संसदीय क्षेत्र से भाजपा के गोपालजी ठाकुर को जीत मिली थी। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी राजद के अब्दुलबारी सिदि्की को पराजित किया था। इस बार के लोकसभा चुनाव में एनडीए से भाजपा के निवर्तमान सांसद गोपालजी ठाकुर एक बार फिर चुनाव मैदान में हैं। उनके सामने हैं इंडी गठबंधन से राजद के ललित यादव। श्री यादव वर्तमान में दरभंगा ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र से राजद विधायक हैं। मुख्य मुकाबला भी इन्हीं दोनों के बीच माना जा रहा है। भौगोलिक दृष्टिकोण से देखे तो दरभंगा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत छह विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इनमें से तीन पर भाजपा, जबकि दो पर जदयू और एक पर राजद का कब्जा है। गौड़ाबौराम, अलीनगर और दरभंगा विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के विधायक हैं। वहीं, बेनीपुर और बहादुरपुर विधानसभा क्षेत्रों पर जदयू तथा दरभंगा ग्रामीण पर राजद का कब्जा है। दरभंगा की राजनीति के हर दौर में विकास प्रमुख मुद्दा रहा है। दरभंगा एम्स निर्माण में हो रही देरी, हवाई अड्डे पर नागरिक सुविधाओं की कमी, रैयाम चीनी मिल और अशोक पेपर मिल को चालू कराने तथा बाढ़ की समस्या का स्थाई निदान इस बार के प्रमुख चुनावी मुद्दे हैं। इसके अलावा बढ़ती बेरोजगारी और महंगाई जैसे मुद्दे को भी लेकर विपक्षी गठबंधन के उम्मीदवार मतदाताओं को गोलबंद करने में जुटे हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए दरभंगा से मैं मणिकांत झा।

———————————————————————————

महाबोधि मंदिर समिति के सदस्य अरविंद कुमार ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर बौद्ध सम्प्रदाय का सम्मान नहीं करने संबंधी टिप्पणी की आलोचना की है। श्री कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री न केवल बौद्ध धर्म का सम्मान करते हैं बल्कि बौद्ध धर्म से जुड़े कई समारोहों में शामिल भी होते हैं।

———————————————————————————

प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी है। मौसम विभाग ने आज रोहतास, कैमूर, औरंगाबाद, पटना, नालंदा, बेगूसराय, दरभंगा, पूर्णियां, सुपौल और अररिया समेत अठारह जिलों में लू की चेतावनी जारी की है। इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक एस.के. पटेल ने बताया कि राज्य के अन्य हिस्सों में गर्म दिवस बना रहेगा। वहीं, भागलपुर से कैमूर तक राज्य के दक्षिण–पूर्व हिस्सों में कुछ स्थानों पर बादल छाये रहने का पूर्वानुमान है।

———बाईट———

इधर, कल प्रदेश में इस सीजन का अब तक का अधिकतम तापमान रिकॉर्ड किया गया। छह जिलों का पारा तैंतालीस से चौवालीस डिग्री सेल्सियस के आस–पास बना रहा। तैंतालीस दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ शेखपुरा राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

————————————————————————

दरभंगा के बहेरा थाना क्षेत्र अन्तर्गत अंटौर गांव में एक शादी समारोह के दौरान अगलगी की घटना में एक ही परिवार के छह लोगों की मौत पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। गौरतलब है कि शादी के दौरान जलाये जा रहे पटाखे की चिंगारी से यह हादसा हुआ था। इधर, पटना के लहसुना थाना क्षेत्र अन्तर्गत चपोर गांव में गैस सिलेंडर में विस्फोट होने से छह घर जलकर नष्ट हो गये। इस हादसे में तीस लोग झुलस गये।

————————————————————————

पटना जंक्शन के पास दो होटल में आग लगने से छह लोगों की हुई मौत के मामले में होटल मालिकों पर गैर इरादतन हत्या का मामला चलेगा। कोतवाली पुलिस ने प्राथमिकी की विभिन्न धाराओं में बदलाव किया है। पहले इस मामले में लापरवाही से मौत का मामला दर्ज किया गया था।

————————————————————————

सीवान जिले के सिसवन थाना क्षेत्र अन्तर्गत हरेराम ब्रह्मचारी इंटर कॉलेज के पास एक तेज रफ्तार बस की चपेट में आने से मोटरसाईकिल सवार तीन लोगों की मौत हो गयी। मृतकों में मां और दो बेटे शामिल हैं।

————————————————————————

समस्तीपुर जिले के सरायरंजन थाना क्षेत्र के वरूणा रसूलपुर स्थित पेट्रोल पम्प के पास तेज रफ्तार चारपहिया वाहन की चपेट में आने से एक बच्चे की मौत हो गयी जबकि तीन अन्य घायल हो गये। वहीं, बेगूसराय जिले के वीरपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत पकड़ी के पास सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गयी।

————————————————————————

पटना की पॉक्सो अदालत ने एक नाबालिग पर लैंगिक हमला के मामले में दोषी धर्मेन्द्र कुमार को बीस वर्ष कारावास और पन्द्रह हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

————————————————————————

पटना के खुसरूपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत खिरोधपुर में गंगा नदी में नहाने के दौरान डूबने से दो बच्चियों की मौत हो गयी। वहीं, मधेपुरा जिले के उदाकिशुनगंज

थाना क्षेत्र के छर्रापट्टी गांव में तालाब में नहाने के दौरान डूबने से दो बच्चों की मौत हो गयी।

———————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान से संबंधित खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– बिहार में दूसरे चरण के मतदान का भी औसत गिरा, उनसठ दशमलव पांच–दो प्रतिशत वोटिंग।

दैनिक भास्कर की प्रमुख खबर है– वोटिंग पर गर्मी का असर, तेरह राज्यों में पिछले बार से आठ प्रतिशत कम मतदान।

प्रभात खबर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को प्रमुखता देते हुये लिखता है– ईवीएम–वीवीपैट के सौ प्रतिशत मिलान की मांग रद्द। बैलेट पपेर से नहीं होंगे चुनाव।

दैनिक जागरण ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अररिया और मुंगेर में चुनावी सभाओं में दिये बयान को तरजीह देते हुये लिखा है– ईवीएम को बदनाम करने वालों के मुंह पर सुप्रीम कोर्ट ने जड़ा तमाचा। एक अन्य खबर ने अखबार लिखता है– रसोई गैस सिलेंडर लेते समय जरूर देखे एक्सपायरी। सिलेंडर के रेगुलेटर लगाने वाली जगह के पास लिखा रहता है कोड।

राष्ट्रीय सहारा लिखता है– साल में दो बार होगी सीबीएसई की बोर्ड परीक्षा।

आज अखबार की प्रमुख खबर है– पंजाब ने टी–ट्वेंटी इतिहास का सबसे बड़ा रन चेज किया। बनाया रिकॉर्ड।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर...........

01. लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में बिहार के पांच संसदीय क्षेत्रों– किशनगंज, कटिहार, पूर्णियां, भागलपुर और बांका में उनसठ दशमलव पांच दो प्रतिशत मतदान।

02. कटिहार में सबसे अधिक चौंसठ दशमलव छह प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। भागलपुर में सबसे कम बावन प्रतिशत मतदान।

03. लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण के तहत सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, सारण और हाजीपुर में नामांकन की प्रक्रिया शुरू। कल नौ उम्मीदवारों ने दाखिल किये पर्चे।

04. और, प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी। मौसम विभाग ने आज रोहतास, पटना, नालंदा, बेगूसराय, दरभंगा और अररिया समेत अठारह जिलों में लू की चेतावनी जारी की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।